**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**9 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की एक सौ चालीस करोड़ भारतियों की सामूहिक भागीदारी से देश पिछले 11 वर्षों में विभ्भिन्न क्षेत्रों में तेज़ी से हुए बदलाव का साक्षी बना है।**

- **केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है।**

- **एन डी ए सरकार के 11 साल पूरे होने पर भारतीय पैरालिम्पिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में किये गए कार्यों की सराहना की।**

- **मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हिसार और चंडीगढ़ के बीच हवाई सेवा का शुभारम्भ किया।**

- **मुख्यमंत्री ने कहा की जल्द जी हिसार से अन्य हवाई अड्डों के लिए भी हवाई सेवा शुरू होगी।**

---------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्‍न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्‍ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्‍वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बडे पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ महत्‍वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्‍ध वीडियो, इंफोग्राफिक्‍स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्‍यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कार्य प्रदर्शन की राजनीति लाकर तथा जिम्मेदार और जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में राजनीति अक्सर सत्ता को बचाए रखने के उद्देश्य से तुष्टीकरण की रणनीतियों से प्रेरित होती थी। श्री नड्डा ने केंद्र की एनडीए

सरकार को एक प्रभावी सरकार बताया जो साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव रखी है।

***ये सरकार पिछले ग्यारह सालों में ट्रांसपेरेंसी की नई मिसाल पेश की और ये फ्यूचरिस्टिक गवर्मेंट है और इसलिए वी टॉक अबाउट विकसित भारत और विकसित भारत का ये अमृतकाल और ये दस साल, 11 साल में विकसित भारत का बेस बनाया है। दिस वी हेव टू एड्रेस देम और इस बेस को बनाने के लिए जो भी फैसले लेने थे वो सारे फैसले लिए गए।***

---

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं - एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी दूर-दराज के इलाके के रूप में देखा जाता था, अब यह सम्पर्क और प्रगति के प्रतीक के रूप में विकसित हो रहा है।

***पिछले दशक में उत्तर पूर्वी भारत में एक आद्वितीय बदलाव देखा गया है। इस दौरान यह क्षेत्र अलगाव से एकजुटता की ओर बढ़ा है। इन प्रयासों ने क्षेत्र में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम कवरेज को कम करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है, हाल ही में असम और अरुणाचल प्रदेश ने दशकों पुरानी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक बेहतर हुई है। 10 नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे, मिजोरम जैसे राज्य में नई रेलवे लिंक और ब्रहमपुत्र पर रो-रो फैरी सेवाओं ने यात्रा को पहले से कहीं ज्यादा सुलभ बना दिया है। भोगीबील ब्रिज जैसे प्रमुख परियोजनाओं ने दूर दराज के इलाकों को भी आपस में जोड़ा है। पीएम डिवाइन और उन्नति 2024 जैसी योजनाएं नये आर्थिक अवसर खोल रही हैं। क्षेत्र को 135000 करोड रुपए से अधिक के बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं का समर्थन मिला है। जो बुनियादी ांचे और आजीविका हो बढ़ावा देने के लिए है। यह क्षेत्र अब 15000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में एक प्रमुख कदम उठा रहा है। आज उत्तर पूर्वी भारत सिर्फ एक सीमा नहीं है बल्कि भारत के विकास यात्रा का एक उभरता हुआ इंजन बन चुका है। अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

-

---

एन डी ए सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में जाने-माने पैरा एथलीट और भारतीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया ने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि टॉप्स योजना में देश के एथलीट विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं ले रहे है जिससे उनका प्रदर्शन काफी सुधरा है।

***जो खेलों में काम हुआ है वो ऐतिहासिक काम हुआ है। कई स्कीमें मोदी सरकार ने ऐसी लेकर के आए जैसे टारगेट ओलिम्पिक पोडियम स्कीम। इस स्कीम का इतना बड़ा बेनिफिट हुआ है कि जो हमारे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम, कॉमनवेल्थ, ओलंपिक। इन बड़े गेमों में जो परफार्मेंस आई वो लगभग टॉप्स स्कीम के ही खिलाड़ी थे। भारत सरकार ने जो हमारी मदद की पेरिस पैरा ओलंपिक में उनकी बदौलत ही हमने 29 मेडल जीते और मेडल टेली में हम 18वें नंबर पर रहे।***

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। जिस दौरान भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। आकाशवाणी समाचार ने पंचकूला वासियों से इस दौरान हुए कामों पर प्रतिक्रिया ली।
पंचकूला के दिलबाग भारद्वाज ने कहा कि इन 11 वर्षों में रेल, हवाई व सड़क क्षेत्र में काफी विकास हुआ है जिससे सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत जैसी रेलगाड़ियों के आने से रेलवे में आधुनिक रेल का आगमन हुआ। श्री दिलबाग भारद्वाज ने कहा -

पूर्व सैनिक गुरनाम सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के इन 11 वर्षों में सेना मजबूत हुई है। देश में ही आधुनिक शस्त्रों का निर्माण हो रहा है।
उन्होंने कहा -

अन्य नागरिकों ने भी इस सरकार के दौरान किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिसार में आज महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हिसार-चंडीगढ़ के बीच चलने वाली हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया।इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल,कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व भाजपा के अन्य बड़े नेता उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार हवाई

अड्डे के उद्घाटन से हिसार से अयोध्या सीधे हवाई सेवा मिल रही हैं।उन्होंने कहा कि आज इन सेवाओं का विस्तार करते हुए हिसार से चंडीगढ के लिए उड़ान शुरू हुई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही हिसार से अन्य हवाई अड्डों तक भी हवाई सेवा शुरू होंगी। जिसका लाभ हरियाणा के साथ साथ पंजाब व राजस्थान के लोगों को भी मिलेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व साकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था बना।भारत की अनेक समस्याओं का समाधान हुआ है।

-----------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज भारतीय इतिहास के दो महान नायकों, बाबा बंदा सिंह बहादुर और भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उत्पीड़न के खिलाफ उनके साहसी संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके अमर बलिदान को याद किया।राज्यपाल ने कहा कि आज हम बाबा बंदा सिंह बहादुर के अद्वितीय साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं, जिन्होंने पंजाब में न्याय और स्वशासन की नींव रखी और मुगलों के अत्याचार के खिलाफ डटे रहे। धर्म के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनका सर्वोच्च बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।